सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ कार्यवृति

2021–22

छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ वर्ष पर्यन्त छात्र हिताकांक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखने के साथ–साथ महाविद्यालय प्रशासन को छात्रों के प्रति जवाबदेही एवं उत्तरदायी बनाने तथा छात्रों की समस्याओं के निवाकरण के लिए प्रयत्नशील रहा। इस क्रम में अपनी बैठकों के माध्यम से निम्न कार्यवृत्ति का सम्पादन किया।

दिनांक– 24.09.2021 की बैठक की कार्यवृत्ति।

1. प्रकोष्ठ की बैठक में छात्रों (श्रुति पाण्डेय, बी0ए0 प्रथम सेमे0, राहुल कुमार, बी0ए0 प्रथम सेमे0, रूबीना परवीन, बी0ए0 प्रथम सेमे0) द्वारा परिचय पत्र निर्गत करने के सम्बंध में आवेदनों पर चर्चा की गयी।
2. बैठक में निर्णय लिया गया की छात्रों को तत्काल परिचय–पत्र निर्गत किया जाय।
3. परिचय पत्र निर्गत करने के लिए कर्मचारियों को एक निश्चित सीमा के अन्तर्गत निर्देश दिया गया।
4. प्रकोष्ठ ने छात्रों के पुस्तकों के निर्गत से सम्बन्धित आवदनों पर चर्चा किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अतिशीघ्र छात्रों को पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तके वितरित किया जाय तथा आवश्यकता अनुसार नई पुस्तके क्रय की जाय। इस निर्णय से माननीय प्राचार्य जी तथा पुस्तकालय अध्यक्ष को अवगत कराया गया।
5. प्रकोष्ठ की बैठक में बी0ए0 प्रथम सेमे0 में छात्रों द्वारा विषय परिवर्तन के सम्बंध में चर्चा किया गया।
6. बैठक में निर्णय लिया गया कि विषय परिवर्तन के लिये एक निश्चित तिथि तक छात्रों से विषय परिवर्तन के लिए आवेदन मांगा जाये।
7. छात्रों के 10 + 2 के विषयों के आधार पर एवं मेरिट के आधार पर विषय परिवर्तन अतिशीघ्र किया जाय।
8. इस निर्णय से प्राचार्य जी एवं प्रवेश समिति के संयोजक को अवगत कराया गया।

दिनांक– 22.12.2021 की बैठक की कार्यवृत्ति।

1. प्रकोष्ठ के सामने छात्रों द्वारा (अनुराधा विश्वकर्मा, एम0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल, कु0 अंजली एम0ए0 तृतीय सेमे0 समाजशास्त्र, रविन्द्र कुमार यादव, एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर हिन्दी) द्वारा अपूर्ण परीक्षाफल के संबंध में आये आवेदनों पर चर्चा की गई।
2. प्रकोष्ठ ने निर्णय लिया गया कि अपूर्ण परीक्षा फल वाले छात्रों से एक निश्चित तिथि तक आवेदन पत्र साक्षों के साथ मांगा जाय।
3. सम्बंधित पटल सहायक अतिशीघ्र स्वयं तथा संबन्धित कार्यालय तथा विश्वविद्यालय जाकर परीक्षाफल पूर्ण करायें।

समन्वयक
छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ
सकलडीहा पी0जी0 कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

4. छात्र हरिदयाल कनौजिया, बी0ए0 प्रथम सेमे0, रियासत अली बी0ए0 द्वितीय सेमे0, अभिषेक यादव बी0ए0 द्वितीय सेमे0 द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई से सम्बंधित आवेदनों पर प्रकोष्ठ में चर्चा की गई।
5. प्रकोष्ठ यह निर्णय लिया कि समय–समय पर क्लास रूम, गैलरी, टायलेट, वासरूम की सफाई के लिये कर्मचारियों को निश्चित कर उनका उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाय जिसके लिये पर्यावरण एवं स्वच्छता समिति के संयोजक प्रो0 उदय शंकर झा को इस निर्णय से अवगत कराया गया।
6. छात्र शिवम पाण्डेय बी0ए0 प्रथम सेमे0 आरती बी0ए0 प्रथम सेमे0 द्वारा दिये गये छात्रवृत्ति से सम्बन्धित आवेदनों पर चर्चा किया गया।
7. प्रकोष्ठ ने अपनी बैठक में निर्णय लिया कि छात्रों के छात्रवृत्ति से सम्बन्धित आवेदनों को एक निश्चित तिथि तक जमा कराकर उसका निवाकरण सम्बंधित कर्मचारियों के माध्यम से तत्काल कराया जाय।
8. इस आशय का निर्देश छात्रवृत्ति पटल सहायक श्री कविन्द्र नारायण को दिया गया।

दिनांक– 22.03.2022 की बैठक की कार्यवृत्ति।

1. प्रकोष्ठ की बैठक में छात्रों के प्रवेश पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र के निर्गत पर विचार किया गया।
2. बैठक में निर्णय लिया गया कि समय सीमा के भीतर छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग काउण्टर बनाकर प्रवेश पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र का वितरण किया जाय।
3. बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं द्वारा दिये गये आवेदन पत्रों में परीक्षा की जटिलता प्रश्न पत्रों का क्रम तथा उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर लिखने के सम्बन्ध पर चर्चा की गयी तथा परीक्षा विभाग को यह सुझाव दिया गया कि इसके लिए छात्रों का काउंसलिंग कराया जाय।
4. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि परीक्षा को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिये परीक्षा हेल्प डेस्क का निर्माण किया जाय।
5. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि छात्र/छात्राओं के बैग एवं मोबाइल जमा करने के लिये एक काउण्टर की व्यवस्था की जाय।

समन्वयक
छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ
सकलडीहा पी0जी0 कालेज
सकलडीहा-चन्दौली